भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2416**

जिसका उत्तर सोमवार, 15 दिसम्बर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

# एलआईसी की निवेश समिति

2416. श्रीमती रचना बनर्जी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की निवेश समिति के वर्तमान सदस्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) एलआईसी की निवेश समिति में सदस्यों की चयन और नियुक्ति की प्रक्रिया क्या है;

(ग) सदस्यों की योग्यताएं क्या हैं और उनका कार्यकाल क्या है;

(घ) समिति की बैठकों की आवृत्ति क्या है और निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या है; और

(ड.) निजी कंपनियों में वर्ष 2014 से एलआईसी के निवेश (रुपए और प्रतिशत में) का वर्ष-वार और कंपनी-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) से (ड.):** जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 19 क के अनुसार, निगम के निदेशक मंडल बोर्ड की निवेश समिति का गठन करते हैं, जिसमें मुख्य कार्यकारी और अधिकतम सात अन्य निदेशक शामिल होते हैं, जिनमें से कम से कम दो निदेशक, एलआईसी अधिनियम 1956 की धारा 4 (2) (क ) और 4 (2) (ख ) के अंतर्गत नियुक्त निदेशकों के अतिरिक्त होंगे। वर्तमान सदस्य का ब्यौरा उनकी योग्यता और कार्यकाल के साथ **अनुबंध-क** में रखा गया है।

इरडाई (बीमाकर्ताओं के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन) विनियम, 2024 और इसके अंतर्गत समय-समय पर जारी किए गए पठित परिपत्रों के अनुसार, निवेश समिति प्रति वर्ष कम से कम चार बार बैठकें करती है और यह सुनिश्चित करती है कि दो बैठकों के बीच चार माह से अधिक का अंतराल न हो| इसके अतिरिक्त, एलआईसी ने यह सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान समिति की 15 बैठकें और वित्तीय वर्ष 2025-26 (अब तक) के दौरान 6 बैठकें आयोजित की गई। निवेश समिति की बैठकों में लिए गए निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त, एलआईसी के सभी निवेश बीमा अधिनियम, 1938 और इरडाई (निवेश) विनियम, 2016 के वैधानिक अवसंरचना के अनुसार सख्ती से किए जाते हैं और एक विस्तृत अभिशासन तंत्र से निर्देशित होते हैं। चूंकि एलआईसी एक सूचीबद्ध संस्था है, इसलिए अलग-अलग कंपनियों में एलआईसी के निवेश का विवरण प्रदान करना व्यावसायिक रूप से विवेकपूर्ण नहीं हो सकता है। तथापि, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ ) विनियमों के अनुसार, जिन कंपनियों में एलआईसी की 1% से अधिक हिस्सेदारी है, उनकी सूचना पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****

अनुबंध–क

**निवेश समिति के वर्तमान सदस्य और उनकी योग्यता और कार्यकाल का ब्यौरा**

| क्र.सं. | नाम | पद | योग्यता | कार्यकाल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री आर दोराईस्वामी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक | समिति के अध्यक्ष | बी.एससी. (गणित), फेलो ऑफ़ इंश्योरेंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया | समिति के अध्यक्ष दिनांक 22.07.2025 से प्रभावी<br>दिनांक 05.09.2023 से दिनांक 22.07.2025 तक सदस्य |
| 2 | श्री सत पाल भानू, प्रबंध निदेशक | सदस्य | बीए (ऑनर्स) इतिहास | सदस्य दिनांक 22.07.2025 से प्रभावी<br>दिनांक 22.06.2025 से दिनांक 22.07.2025 तक समिति के अध्यक्ष<br>दिनांक 21.07.2023 से दिनांक 22.06.2025 तक सदस्य |
| 3 | श्री दिनेश पंत, प्रबंध निदेशक | सदस्य | बी.टेक, एलएलबी, फेलो मेम्बर ऑफ़ इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुअरीज ऑफ इंडिया और इंस्टीट्यूट एंड दी इंस्टीट्यूट एंड फैकल्टी ऑफ एक्चुअरीज , यूके, एमबीए, फेलो मेम्बर ऑफ़ इंश्योरेंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया | सदस्य दिनांक 22.06.2025 से प्रभावी |
| 4 | श्री रत्नाकर पटनायक, प्रबंध निदेशक | सदस्य | बी.एससी (ऑनर्स) फिजिक्स, पीजी (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन), फेलो ऑफ़ इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया एंड डिप्लोमा इन हेल्थ इंश्योरेंस | सदस्य दिनांक 22.06.2025 से प्रभावी |
| 5 | श्री महालिंगम जी, स्वतंत्र निदेशक | सदस्य | एम.एससी . (स्टेट), एमबीए | सदस्य दिनांक 07.02.2022 से प्रभावी |
| 6 | श्री राज कमल, स्वतंत्र निदेशक | सदस्य | बी.टेक (मैक. इंजीनियरिंग), पीजी प्रोग्राम इन बिजनेस मैनेजमेंट | सदस्य दिनांक 07.02.2022 से प्रभावी |
| 7 | श्री मुथु राजू परवासा राजू विजय कुमार, स्वतंत्र निदेशक | सदस्य | बी. कॉम, एफसीए, एफसीएमए और एफसीएस | सदस्य दिनांक 07.02.2022 से प्रभावी |
| विशेष आमंत्रित सदस्य: - नियुक्त बीमांकक, निगम के अधिकारी वित्त, जोखिम, निवेश और कानून से संबंधित कार्यों का नेतृत्व करते हैं। | | | | |